हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
हिरालाल बनाम सरकार
धारा 136
प्रकरण संख्या 39/2020

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 89/2021 हिरालाल बनाम तहसीलदार लूणी अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम श्री बालाजी नगर(गुडा विश्नोइयान) तहसील लुणी के खसरा नम्बर 33, 36 व 805/32 राजस्व रेकार्ड मे दर्ज अपना नाम हिराराम के स्थान पर हीरालाल किये जाने का निवेदन किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया । जिसमे तहसीदार लूणी से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई

तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक/भू.अ/2022/1816 दिनाक 12.04. 2022 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा जमाबन्दी सवत 2071–74 मे प्रार्थीया का नाम ग्राम श्री बालाजी नगर(गुडा विश्नोइयान) के खसरा नम्बर 33, 36 व 805/32 मे सहखातेदारी मे हिराराम पुत्र गोपाराम जाति विश्नोई निवासी श्री बालाजी नगर(गुडा विश्नोइयान) खातेदार दर्ज है। तहसीलदार लूणी द्वारा ग्राम बालाजी नगर गुडा विश्नोइयान के खसरा नम्बर 33, 36 व 805/32 मे हीराराम के स्थान पर हीरालाल नाम दर्ज किये जाने की अनुशाषा की गई।

अत– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार किया जाता है तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम श्री बालाजी नगर (गुडा विश्नोइयान) के खसरा नम्बर 33, 36 व 805/32 मे हीराराम के स्थान पर हीरालाल नाम दर्ज किया जावे तहरीर जारी होकर पालना रिपोर्ट पेश करे। पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी